# **प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 12.09.2023**

- **अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कानपुर देहात पुलिस द्वारा की गयी कड़ी कार्यवाही।**
- **थाना मूसानगर पुलिस द्वारा अवैध रुप से गांजा बेचने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 5 कि0 200 ग्राम अवैध गांजा किया गया बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मूसानगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक- 11.09.2023 को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त महराज सिंह यादव पुत्र स्व0 बच्चू सिंह यादव निवासी ग्राम सराय थाना मूसानगर कानपुर देहात को 5 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा सहित ग्राम सराय मुगल रोड सड़क के बायीं ओर रखी गुमटी थाना क्षेत्र मूसानगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जायेगा।

**पूछताछ-** अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि साहब मैं ग्राम सराय का रहने वाला हूँ। काफी समय से गाँव के सामने ही गुमटी खोले हूँ। गुमटी में पान मसाला आदि बेचने के साथ-साथ मैं 20-50-100 रूपयों की गांजा की पुडिया बनाकर बेचता रहा हूँ। मैं  घाटमपुर की तरफ से आने वाले एक ट्रक के ड्राइवर से गांजा खरीदता हूँ व लाभ कमाने के लिये बेचता हूँ लेकिन मैं ट्रक ड्राइवर के बारे में कुछ नहीं जानता हूँ। मात्र अपने धन्धे से मतलब रखता हूँ। इसी से होने वाली आये से अपने घर का खर्च चलाता हूँ।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मूसानगर पर मु0अ0स0 106/23 धारा 8/20बी NDPS ACT  पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–**

1. महराज सिंह यादव पुत्र स्व0 बच्चू सिंह यादव निवासी ग्राम सराय थाना मूसानगर कानपुर देहात।

## **अभियुक्त उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0स0 106/23 धारा 8/20बी NDPS ACT  थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

## **बरामदगी -**

1. 5 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा

## **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री शोभित कटियार थाना मूसानगर कानपुर देहात
2. उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह थाना मूसानगर कानपुर देहात
3. का0 764 अभिषेक कुमार थाना मूसानगर कानपुर देहात
4. का0 947 धीरज कुमार थाना मूसानगर कानपुर देहात